**Regarding need to construct Sports Complex in Sarkaghat, Himachal Pradesh-laid**

**सुश्री कंगना रनौत (मंडी) :** अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों के चलते हुए हिमाचल में पंजाब के रास्ते बहुत सारा ड्रग्स भारी मात्रा में भेजा जा रहा है। जिसमें हेरोइन सबसे ज्यादा है जिसे लोकली चिट्टा भी कहा जाता है। ये सबसे ज्यादा कैमिकली ट्रिटेड, हानिकारक और एडिक्टिव ड्रग्स माना जाता है। इसकी चपेट में पंजाब के बाद हिमाचल प्रदेश भी आ रहा है। पहले स्कूल के बच्चों को यह नशीला पदार्थ फ्री में दिया जाता है और फिर जब वह अंदर से पूरी तरह से उस पर निर्भर तथा खोखले हो जाते हैं, तो वह घर में फिर चोरी करके यहां तक की मां के गहने बेचकर भी चिट्टा खरीदते हैं। हिमाचल की नसों को खोखला किया जा रहा है। हिमाचल के युवाओं को भटकाया जा रहा है। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि हिमाचल के बहुत बच्चे भारतीय सेना में भर्ती होते हैं। मैं चाहती हूं कि हम हिमाचल के बच्चों के जोश और होश दोनों को नियम और नियति में बांधकर उनका मार्गदर्शन करें। हिमाचल के बच्चों को खेल से संबंधित कोई भी सुविधा नहीं है। सरकाघाट विधानसभा के लिए मेरी खेल मंत्रालय से एक स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स की मांग है। हमारे ट्राइबल बच्चों से लेकर हिमाचल के जो बच्चे हैं, उनके लिए लॉन्ग जंप, स्विमिंग, बास्केटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, जिमनास्टिक तथा शूटिंग जैसे नेशनल लेवल की गेम्स की इनिशियल ट्रेनिंग देने की सुविधा करें ताकि उनको जिंदगी में उनके पैशन को एक डायरेक्शन मिल सके।